पेज थ्री देहरादून

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण करते हुए सीएम।



देहरादून, शनिवार, 18 सितंबर 2021 पेज 8

हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### स्वच्छता पखवाड़े के पहले दिन दून के तीन पर्यटन स्थलों पर चलाया स्वच्छता अभियान

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड पर्यटन की ओर से आयोजित 'स्वच्छता पखवाड़ा' कार्यक्रम के तहत, पहले दिन शुक्रवार को जनपद देहरादून के तीन पर्यटन स्थल झड़ीपानी ट्रेक, जॉर्ज एवरेस्ट परिसर और गुच्चुपानी क्षेत्र में नगर पालिका मसूरी और वेस्ट वारियर्स के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया गया। 'स्वच्छता पखवाड़ा' कार्यक्रम के अंर्तगत तीन पर्यटन स्थलों में छात्र–छात्राओं व गैर सरकारी संगठनों के स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। सतपाल महाराज पर्यटन मंत्री उत्तराखंड ने कहा, "स्वच्छता पखवाड़ा के पहले दिन की शुरुआत स्वयंसेवकों विशेषकर छात्रों में बड़े उत्साह के साथ हुई।

### सीएम धामी के जन्मदिवस पर आयोजित किया रक्तदान शिविर

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी महानगर के कोषाध्यक्ष लच्छु गुप्ता द्वारा ओमकार प्लाजा निकट कृष्ण मेडिकोज बिंदाल पुल पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने किया। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी रक्त दाताओं से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है इसलिए रक्तदान में संकोच ना करें।

### ब्रांड फैक्ट्री का नया "अनब्रांडेड टू ब्रांडेड फेस्टिवल" पेश

**संवाददाता** देहरादून। ब्रांड फैक्टरी का एक्सचेंज फेस्टिवल यहाँ है! यह आपके लिए नए फैशन वियर के लिए पुराने अपैरल या फुटवियर को छोड़ने का मौका है, ताकि आप लेटेस्ट ट्रेंड्स की शान दिखा सकें। अपने पुराने कपड़े या जूते अपने नजदीकी ब्रांड फैक्टरी स्टोर में लाइए, और उन पर पाइए एक्सचेंज वैल्यू की कीमत वाले वाउचर्स प्लस नए कपड़ों पर डिस्काउंट। इन वाउचर को आपके मनपसंद ब्रांड्स की खरीदारी पर रिडीम किया जा सकता है।

### यूज्ड टेट्रा पैक कार्टंस से बनाया फर्नीचर

**संवाददाता** देहरादून। अगली बार जब आप जूसर्धमिल्क शेक पीकर कार्टन को कचरे के डब्बे में डालें, तो रुककर थोड़ा सोचें। क्योंकि आप यह तय कर सकते हैं कि यह पैक लैंडफिल में जाकर न फिंक जाए। मशहूर एनजीओ, वेस्ट वॉरियर ने हाल ही में देहरादून जू में रिसाइक्ल्ड टेट्रा पैक से बनी एक बेंच और एक टेबल स्थापित की है। इस तरह का फर्नीचर स्थापित इसलिए किया गया ताकि उपभोक्ताओं के बीच स्रोत पर कचरे के पृथकीकरण और रिसाइक्लिंग की जागरुकता बढ़े।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्ताओं को नंदा गौरा योजना का मिलेगा लाभ

**बैठक**

■ बाल विकास मंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास, मंत्री रेखा आर्या द्वारा विधान सभा स्थित सभा कक्ष में आंगनबाडी कार्यकत्री और सहायिकाओं के सेवा सम्बन्धी समस्याओं के समाधान के लिए आंगनबाडी संगठनों के सदस्यो के साथ बैठक की गई।



बैठक में मुख्य रूप से आंगनबाडी कार्यकत्री, मिनी कार्यकत्री और सहायिकाओं के वेतन/मानदेय में वृद्धि की मांग रखी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने निर्देश दिया कि इससे सम्बन्धित प्रस्ताव कैबिनेट में रखा जायेगा। बैठक में विभिन्न आंगनबाडी संगठनों के सदस्यों द्वारा समस्या बताई गई कि मिनी आंगनबाडी केन्द्र पर कार्य करने वाली आंगनबाडी कार्यकत्री को कभी–कभी अधिक जनसख्या पर कार्य करना पडता है इसलिए यहॉ सहायिका का पद भी दिया जाय। इस सम्बन्ध में मंत्री ने निर्देश दिया कि इस सम्बन्ध में एक सर्वे कर लिए जाए कि किन–किन स्थलों पर अधिक जनसंख्या के अनुपात पर मिनी आंगनबाडी कार्यकत्री कार्य कर रही है ताकि इसकी सूची तैयार करके पुनः समायोजन किया जा सके।

आंगनबाडी के विभिन्न संगठनों ने शीतकालीन–ग्रीष्म कालीन अवकाश के मॉग के सम्बन्ध में मंत्री द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि इस सम्बन्ध में अन्य राज्यों का अध्ययन कर लिया जाय। आंगनबाडी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं को चिकित्सा अवकाश लेने के सम्बन्ध में मंत्री ने कहा कि पदोन्नति के समय उनकी सर्विस ब्रेक न समझा जाय।

जनपद में नियमित कार्य के अलावा अन्य सरकारी कार्यों में भी ड्यूटी लगाई जाती है। कई बार एक आंगनबाडी कार्यकत्री को अनेक कार्यालय द्वारा डयूटी के आदेश प्राप्त होते है। इस पर मंत्री ने सचिव को निर्देश दिया कि जिलाधिकारियों को पत्र लिखा जाय कि सभी ड्यूटी जिला कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से लगायी जाए ताकि ड्यूटी को तार्किक आधार पर लगाया जा सके। आंगनबाडी कार्यकत्रियों को नन्दा देवी गौरा योजना से लाभान्वित करने के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जायेगा तथा महालक्ष्मी किट का लाभ भी दिया जायेगा। मंत्री ने कोरोना अवधि में आंगनबाडी कार्यकत्रियों के योगदान की सराहना की।

बैठक में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के सचिव, हरी चन्द्र सेमवाल, कार्यकारी निदेशक एस के सिंह, उप निदेशक अखिलेश मिश्रा, भारती तिवारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### सीएम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं नेतृत्व में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना भी साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली की वजह से भारत को वैश्विक स्तर पर एक अलग पहचान मिली है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड के प्रति प्रधानमंत्री जी का विशेष लगाव है। उनके मार्गदर्शन में श्री केदारनाथ का पुनर्निर्माण कर उसे विश्वस्तरीय धार्मिक स्थल बनाने का उनका सपना साकार हो रहा है। बद्रीनाथ पुनर्निर्माण योजनाओं पर भी कार्य गतिमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखण्ड में विकास के नये आयाम स्थापित हुए हैं।

# राज्य में आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को भी मिलेगा लाभ

**फ्लैग ऑफ**

■ मुख्यमंत्री आवास में सहकारी बैंक की 10 मोबाईल एटीएम वैन का फ्लैग ऑफ किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में सहकारी बैंक की 10 मोबाईल एटीएम वैन का फ्लैग ऑफ किया। ये मोबाईल एटीएम वैन राज्य के विभिन्न जनपदों में जाकर लोगों को पैसे निकालने की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर सहकारिता एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी मौजूद थे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सहकारी बैंक के मोबाईल एटीएम वैन द्वारा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में लोगों को धन निकासी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा से लोगों को दूरस्थ क्षेत्रों से पैसे निकालने के लिए बैंकों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। राज्य में आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को भी इसका लाभ मिलेगा।

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि नाबार्ड के सहयोग से सहकारी बैंक के माध्यम से मोबाईल एटीएम वैन की सुविधा राज्य के प्रत्येक जनपद में दी जा रही है। किसी भी बैंक खाते वाला व्यक्ति इसके माध्यम से पैसे निकाल सकता है।

इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक खजान दास , कॉपरेटिव बैंक के अध्यक्ष श्री दान सिंह रावत, निबंधक सहकारिता आनंद स्वरूप, अपर निबंधक श्रीमती ईरा उप्रेती उपस्थित थे।

### आप के बिजली अभियान से अब तक 13 लाख 79 हजार परिवार जुड़े

**संवाददाता** देहरादून। आप के वरिष्ठ नेता और सीएम प्रत्याशी कर्नल अजय कोठियाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल की मुहिम अब बड़ी तेजी से उत्तराखंड में रंग लाती नजर आ रही रही है। अपने उत्तराखंड के पहले दौर में चुनावी घोषणा का शंखनाद करते हुए, हर घर को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा कर चुके केजरीवाल पर जनता ने विश्वास जताया और इसी का नतीजा है कि आप के इस अभियान से लाखों परिवार पंजीयन के माध्यम से आप पार्टी से जुड़ चुके हैं।

उन्होंने कहा कि मुफ्त बिजली उत्तराखंड की जनता का मौलिक अधिकार है, जिसे वो शुरू से कहते आ रहे हैं। उन्होंने कहा उत्तराखंड की जनता को फ्री बिजली के साथ साथ रॉयल्टी भी मिलनी चाहिए, जिसे दिलाने के लिए आप पार्टी सत्ता में आते ही उत्तराखंड की जनता का हक उनको दिलाने में कोई कमी नहीं करेगी।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।